



# दूषित पेयजल से खतरे को लेकर कांग्रेस का उपवास

## तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 17 जनवरी।** शहर में दूषित पेयजल की गंभीर समस्या और उससे संभावित जनहानि को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पर एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया 'पिंकी' ने किया। उपवास के उपरांत जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन भिंड तहसीलदार रणजीत सिंह कुशवाह को सौंपा गया।

जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया 'पिंकी' ने बताया कि ज्ञापन में इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से 24 लोगों की मौत और 400 से अधिक लोगों के बीमार होने की दर्दनाक घटना का उल्लेख किया गया है, जिसमें लगभग 3000 लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि भिंड शहर की स्थिति भी अत्यंत चिंताजनक है। शहर के अधिकांश वार्डों में पीने के पानी की पाइपलाइन गंदे नालों से होकर गुजर रही है। कई स्थानों पर नाली और सीवर का पानी पाइपलाइन में मिल रहा है, जिससे नागरिकों के घरों तक दूषित पानी पहुंच रहा है। ऐसी परिस्थिति में भिंड शहर में भी कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

**टाटा कंपनी द्वारा डाली पाइपलाइन शीघ्र प्रारंभ हो:** जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदौरिया 'पिंकी' ने ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि भिंड शहर में टाटा कंपनी द्वारा डाली गई नई पानी की पाइपलाइन को शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। इससे शहरवासियों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा तथा आमजन की जान की रक्षा हो पाएगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह उपवास किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि आम नागरिकों की जान की सुरक्षा के लिए चेतावनी स्वरूप किया गया है। उपवास कार्यक्रम में पूर्व विधायक सोपत सिंह जाटव, डॉ. राधेश्याम शर्मा, मनोज दैपुरिया, बाबा भगवानदास सेथिया, रामहर्ष सिंह कुशवाह, संतोष त्रिपाठी, हलीम पठान, संदीप मिश्रा, शांति कुशवाह, स्मिता शर्मा, रामावतार भदौरिया, पान सिंह सुमन, बाबूजी शिवशंकर भदौरिया, शंकर जैन, बृजेंद्र सिंह भदौरिया, विवेक पचौरी, प्रमोद दीक्षित, अनिरुद्ध त्रिपाठी, दर्शन तोमर, संजीव बरुआ, मोहम्मद इरफान, बलराम जाटव, विनोद पंडित, विक्की राजावत, कुलदीप भारद्वाज, अरविंद यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### पेयजल पाइपलाइनों के मेंटेनेंस की रखी मांग


कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि भिंड नगर पालिका को निर्देशित कर पेयजल पाइपलाइनों का तत्काल निरीक्षण एवं नियमित मेंटेनेंस कराया जाए, ताकि शहरवासियों को स्वच्छ पानी मिल सके और इंदौर जैसी घटना भिंड में न हो। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में भिंड शहर में दूषित पानी के कारण कोई भी जनहानि होती है, तो उसके लिए जिला प्रशासन के साथ-साथ नगर पालिका प्रशासन भी पूरी तरह जिम्मेदार होगा।

# हिन्दू सम्मेलन में दिया एकता, संगठन और राष्ट्रहित का संदेश



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 17 जनवरी।** एक हों, संगठित हों, राष्ट्रहित में अग्रसर हों' के मूल मंत्र के साथ भिंड जिले के परा में भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाज के विभिन्न वर्गों के गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों, युवाओं एवं मातृशक्ति ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एकता, संगठन और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना रहा। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक शिवांशु ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और संगठित चेतना में निहित है। जब समाज एकजुट होकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानता है, तब कोई भी चुनौती असाध्य नहीं रहती। उन्होंने कहा कि 'एक हों' का अर्थ है आपसी भेदभाव से मुक्त होकर सामाजिक समरसता को अपनाना, 'संगठित हों' का तात्पर्य है अनुशासन और सामूहिक शक्ति, जबकि 'राष्ट्रहित में अग्रसर हों' का आशय है निस्वार्थ भाव से देश के विकास में योगदान देना। उन्होंने युवाओं को संस्कार, शिक्षा और सेवा के माध्यम से समाज में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। अपने संबोधन में उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप एवं गुरु गोविंद सिंह जी के दोनों साहिबजादों (9 व 11 वर्ष) के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए त्याग, बलिदान और राष्ट्रभाव का महत्व समझाया। मातृशक्ति की ओर से डॉ. उमा शर्मा ने कहा कि भारत की एकता को बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। हमारी संस्कृति में चंदा को मामा, गंगा को मैया और तुलसी को माता कहने की परंपरा भावनात्मक व सांस्कृतिक जुड़ाव का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार माताएं अपने बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण कर सकती हैं। कार्यक्रम में संत गंगा दास जी महाराज, ब्रह्म स्वरूप बघेल, सुरेश चकवा एवं अक्षय सिंह भदौरिया मंचासीन रहे। सम्मेलन के अंत में उपस्थित जनसमूह ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में एकता, संगठन और राष्ट्रहित के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे तथा सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के लिए सतत प्रयास करेंगे।

# मनुष्य जीवन का परम उद्देश्य भगवद् प्राप्ति है : कथावाचक महाराज



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 17 जनवरी।** नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कथावाचक संत अनिल पाठक महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन का परम उद्देश्य भगवद्-प्राप्ति है। इस लक्ष्य की सिद्धि के लिए सत्शास्त्रों, संतों और सद्गुरु को जीवन में सर्वोच्च स्थान देना अनिवार्य है। केवल कर्मकांड से मोक्ष संभव नहीं है, क्योंकि कर्मकांड में अनजाने में भी पाप का निर्माण हो सकता है। यदि साधना में पूर्ण सावधानी न बरती जाए तो साधक की दिशा भटक जाती है। इसलिए मोक्ष-मार्ग में गुरु द्वारा प्रदत्त ज्ञान और विवेक अत्यंत आवश्यक है।

कथावाचक ने कहा कि अंत:करण की शुद्धि केवल कर्मकांड से नहीं, बल्कि सेवा, सत्संग और साधना से होती है। भक्ति का मूल आधार भाव है, इसलिए भक्ति स्वतंत्र और सरल मार्ग है। जहाँ भाव होता है, वहां भगवान स्वयं उपस्थित हो जाते हैं। शास्त्रों में मनुष्य शरीर को नौ द्वारों वाला एक सुंदर महल बताया गया है, जिसके द्वार—दो नेत्र, दो कान, दो नासिका, मुख, गुदा और जननेन्द्रिय हैं। इस महल में प्रवेश कर जीव अविद्या रूपी स्त्री से मोहित हो जाता है और अपने परम मित्र ईश्वर को भूल बैठता है। जन्म से पूर्व निर्धारित ईश्वर-प्राप्ति के उद्देश्य को विस्मृत कर वह शरीर और संसार के भोगों में लिप्त हो जाता है।

उन्होंने कहा कि इसी कारण मनुष्य को योगाभ्यास, ध्यान और साधना द्वारा अपनी इंद्रियों को नियंत्रित करने का सतत प्रयास करना चाहिए। सांसारिक कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए भी मन को भगवान में लगाए रखना ही सच्ची साधना है। कथा-श्रवण का महत्व सुख और दु:ख—दोनों अवस्थाओं में समान है। सुख में मनुष्य प्राय: ईश्वर को भूल जाता है, जबकि दु:ख में वही भगवान को पुकारता है, इसलिए जीवन में निरंतर कथा-श्रवण आवश्यक है। कथा के उपरांत श्रद्धा एवं उल्लास के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर वामन भगवान एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की आकर्षक झांकियां सजाई गईं, जिन्हें देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। वातावरण भक्तिमय हो गया और उपस्थित श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ भगवान के जन्मोत्सव का आनंद लिया।

## मां के सामने जिंदा जला बेटा

**नवभारत न्यूज**
**शहडोल, 17 जनवरी।** जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां कोतवाली थाना क्षेत्र के कठोतिया गांव में शनिवार सुबह करीब 3 बजे एक कच्चे घर में अचानक भीषण आग लग गई. उस समय घर में एक मां और उसका 18 साल का बेटा सो रहे थे, यहां देखते ही देखते मां के सामने बेटा जिंदा जल गया.

# डॉ. राधाकृष्ण को श्रद्धांजलि, आयोजित हुई शोक सभा



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 17 जनवरी।** वरिष्ठ कृषि विशेषज्ञ एवं सेवानिवृत्त असिस्टेंट डायरेक्टर एग्रीकल्चर डॉ. राधाकृष्ण शर्मा के आकस्मिक निधन के उपरांत इटावा रोड स्थित कुशवाह कॉलोनी में उनके निज निवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। हृदय गति रुकने से उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शहर के नागरिकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। डॉ. राधाकृष्ण शर्मा, पत्रकार राकेश शर्मा एवं सोशलिस्ट स्व. लक्ष्मी नारायण शर्मा के सुपुत्र थे। कृषि क्षेत्र में उनके योगदान को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल में किसानों के हित में उल्लेखनीय कार्य किए और सरल, सौम्य व्यक्तित्व के कारण समाज में विशेष सम्मान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. रामबाबू शर्मा, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, पत्रकार राकेश शर्मा, शशिकांत शर्मा सहित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए अनेक परिचित, मित्र एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में अनिल शर्मा, अजय शर्मा , अजय शर्मा , योगेश चौधरी, विनोद शर्मा, गिरीश जोशी, राजेश दुबे, गिरिजा शंकर कटारे, दीपू बोहरे, आशु शर्मा, असगर खान, इमरान अली खान, कमल किशोर जोशी, हरदयाल शाक्य, प्रेम नारायण शर्मा, रामावतार कुशवाह , सील कुमार चौधरी सहित एक सैकड़ा से अधिक लोग शामिल रहे।

## नौकरी का झांसा देकर 15 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर, 17 जनवरी.** छोटा बांगड़दा क्षेत्र में रहने वाले दो भाइयों के साथ आईटी दिग्गज 'गूगल' में नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 15.15 लाख रुपये की धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है. जालसाजों ने फर्जी इंटरव्यू लेटर, जॉइनिंग लेटर और कंपनी एग्रीमेंट तक तैयार कर पीड़ितों को भेजे. मामले की गंभीरता को देखते हुए इंदौर क्राइम ब्रांच ने पंजाब के पटियाला निवासी मुख्य आरोपी ऋषभ कुमार और उसके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. ऋषभ ने पहले वेबसाइट और मोबाइल एप्लीकेशन बनवाकर समय पर भुगतान किया और भरोसा जीत लिया.

# ब्रह्मा भोजन एवं विश्व शांति के लिए ध्यान कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 17 जनवरी।** मालनपुर के समीप संचालित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के संस्थापक पिता श्री ब्रह्मा बाबा की 57वीं पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष में गोल्डन वर्ल्ड रिट्रीट सेंटर के प्रांगण में ब्रह्मा भोजन एवं विश्व शांति हेतु ध्यान का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मालनपुर के आसपास की कंपनियों में से वरिष्ठ अधिकारी गण पधारे और कुछ आसपास के पत्रकार तथा वरिष्ठ नागरिक गढ़ उपस्थित रहे। जिनके द्वारा विश्व ध्यान दिवस पर ध्यान कक्ष में विश्व को शांति का दान दिया गया एवं भोजन का भी कार्यक्रम रखा गया। संचालिका ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने सभी अतिथियों का भरपूर स्वागत किया और पूरे विश्व की आत्माओं के मन की शांति के लिए शुभकामनाएं और शुभकामनाएं रखने की प्रेरणा दी। इस प्रकार संस्थान में रहने वाले भाई बहनों ने यह भी बताया जनवरी मास विशेष पूरे विश्व की शांति हेतु 1 तारीख से लेकर 31 तारीख तक 18 घंटे का योग चलता है। सुबह 4:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक हर भाई बहन अपने-अपने समय पर ध्यान कक्ष में बैठकर सभी आत्माओं हेतु शांति का दान करते हैं और ऐसा करने से उनको बहुत ही अच्छा लगता है। ऐसा लगता है चारों तरफ शांति ही शांति है। अनुभव यह भी कहता है जो हम देते हैं वह हमें मिलता है। इस प्रकार ब्रह्माकुमारी संस्थान की डेढ़ सौ से अधिक देशों में चल रही हर शाखा में ब्रह्माकुमार ब्रह्माकुमारीयों द्वारा ध्यान किया जाता है।

# भाजपा किसान एवं मजदूरों के अधिकारों को समाप्त करना चाहती : बघेल



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 17 जनवरी।** मनरेगा के कानूनी अधिकार को समाप्त करने एवं भागीरथपुरा इंदौर की घटना के विरोध में ग्रामीण कांग्रेस ने किया एक दिवसीय उपवास

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा के कानूनी अधिकार को समाप्त करने,पानी की गुणवत्ता के आंकड़ों एवं भागीरथपुरा इंदौर की घटना के विरोध में मेहंगाव के शिवशक्ति गार्डन में एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के कानूनी अधिकार को समाप्त कर किसानों, मजदूरों एवं आम जनता को भूखों मरने पर मजबूर कर रही है,उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर आमजन के कानूनी अधिकार को समाप्त नहीं होनी देगी,चाहें इसके लिए कितनी भी लम्बी लड़ाई लड़नी पड़े हम कांग्रेसी कार्यकर्ता पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 24 से अधिक मौतों एवं बीमार हुए लोगों के सरकारी आंकड़ों को सही-सही नहीं बताए जाने पर आपत्ति जताई उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार स्वच्छ पानी देने के बजाय लोगों को दूषित पानी पिलाकर मरने के लिए छोड़ रही है, और उनके जिम्मेदार मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से जब एक पत्रकार द्वारा सवाल किया गया तो मंत्री महोदय अशोभनीय भाषा का प्रयोग कर पीड़ित जनों का परिहास कर रहे, ऐसे मंत्री को तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए।

पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मेहंगाव राहुल सिंह भदौरिया ने कहा कि कांग्रेस के कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने जनहित में मनरेगा योजना चलाई थी,जिससे स्थानीय किसान एवं मजदूर को रोजगार का कानूनी अधिकार मिला,लेकिन किसान एवं मजदूर विरोधी भाजपा सरकार हर तरह से इनके रोजगार के कानूनी अधिकार को छीनने का काम कर रही है।

भदौरिया ने कहा कि भाजपा के शासन में पीने का शुद्ध पानी तक नहीं मिल रहा है,जिसके कारण इंदौर के भागीरथपुरा में 24 मौतें हो गई और कई पीड़ित लोगों का इलाज चल रहा है। कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार जनों के हर सुख दुख में साथ खड़ी है।

पूर्व जनपद अध्यक्ष रामहर्ष सिंह कुशवाह, कवि डॉ. शिवेन्द्र सिंह, सुल्तान सिंह नरवरिया, सरपंच शीलेंद्र सिंह भदौरिया, एड. रामहरी शर्मा, हरिओम सिंह भदौरिया, रामबरन सिंह नरवरिया, ब्लॉक अध्यक्ष भास्कर पुरोहित, ब्लॉक अध्यक्ष संजीव करैया, ब्लॉक अध्यक्ष दीपेंद्र फौजी, महिला जिलाध्यक्ष रेखा भदौरिया, पूर्व जिला सदस्य राजवीर सिंह बघेल, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष लायक सिंह गुर्जर, देवेंद्र निगम, इलियास खान, केदार कौशल, जबर सिंह कुशवाह, पूर्व पार्षद रामा वाल्मिकी, पार्षद बल्लू बघेल, पार्षद बदन सिंह राठौर, राजीव कांकर, भूपेंद्र सिंह भदौरिया, फौजी नरेश राठौर, जगतसिंह यादव, चंद्रेश नरवरिया, संदीप बघेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व आमजन उपस्थित रहे।

# मार्ग में रोककर दंपति से मारपीट व लूट, पुलिस से की शिकायत

**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 17 जनवरी।** थाना एंडोरी क्षेत्र अंतर्गत 15 जनवरी को दोपहर करीब 2:20 बजे बाइक सवार दंपती के साथ लूट की घटना सामने आई है। फरियादी रायचंद्र गुर्जर उर्फ सोनू पुत्र भारत सिंह गुर्जर उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम टीकरी, ने थाना एंडोरी में अपनी पत्नी भारती के साथ उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी के अनुसार वह अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से अपने मामा के गांव कुतवार (थाना बसेया, मुरैना) से अपने गांव टीकरी लौट रहा था। जैसे ही वह भेसोरा होकर बाराहेट से एण्डोरी के बीच शेरपुर की पुलिया के पास पहुंचा, तभी पीछे से काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात व्यक्ति आए और उनकी बाइक के आगे अपनी बाइक अड़ा दी।आरोप है कि बदमाशों ने फरियादी के साथ मारपीट की तथा उसकी पत्नी भारती के साथ भी धक्का-मुक्की कर उसके पहने हुए जेवरात—कान के झुमके, छोटा मंगलसूत्र, एक चेन और चार चूड़ियां—छीन लीं।

इसके अलावा उनके बैग में रखे टॉप्स, गले का हार, चेन वाला मंगलसूत्र, चार अंगूठियां भी लूट लीं। वारदात के बाद तीनों आरोपी बाइक से बाराहेट की ओर फरार हो गए। घटना के बाद फरियादी ने परिजनों को सूचना दी और उनके आने के बाद पत्नी के साथ थाना एंडोरी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## संस्कृत, शोध और समाज के सहारे आगे बढ़ेगी भारतीय ज्ञान परंपरा

**भोपाल, 17 जनवरी.** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा को उच्च शिक्षा, शोध और समाजोपयोगी गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दो दिवसीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में भारतीय ज्ञान परंपरा को व्यवहारिक, शोधपरक और समाजोपयोगी स्वरूप देने के लिए विश्वविद्यालयों के लिए विस्तृत कार्ययोजना पेश की गई.

# म.प्र. के विकास को गति देना ही विदेश यात्रा का उद्देश्य



### मेहगांव की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर किया अभिवादन

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 17 जनवरी।** मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग राकेश शुक्ला सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्विट्जरलैंड यात्रा पर रवाना हो रहे हैं। आज 17 जनवरी को मंत्री जी अपने विधानसभा क्षेत्र मेहगांव स्थित बंगले से विदेश यात्रा के लिए प्रस्थान किया मेहगांव विधानसभा की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया पुष्प वर्षा कर मंत्री जी को विदेश यात्रा के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक उनका अभिवादन किया मंत्री राकेश शुक्ला ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर पत्रकार साथियों को बताया कि कल 18 जनवरी को वे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ स्विट्जरलैंड रवाना होंगे। यह यात्रा एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसमें करीब 130 देशों के प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। लगभग 3 हजार लोग विभिन्न देशों से आकर इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। हमारे देश के चार राज्यों के मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी भी उपस्थित रहेंगे यह तीन से चार दिनों का कार्यक्रम संवाद और विभिन्न सत्रों के माध्यम से आयोजित होगा। इसका मुख्य उद्देश्य मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास को गति देना है। मंत्री ने कहा कि हम विदेशी निवेशआकर्षित करने के लिए प्रयासरत हैं। सौर ऊर्जा, नवकरणीय ऊर्जा, पर्यटन तथा विभिन्न क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश हर दिशा में अग्रणी प्रदेश बने, इसके लिए ये प्रयास किए जा रहे हैं इस यात्रा से मध्यप्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले अवसर प्राप्त होंगे। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग सौर ऊर्जा परियोजनाओं को तेजी से विस्तार देगा। प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन बढ़ाकर ऊर्जा आत्म निर्भरता हासिल की जाएगी। विदेशी कंपनियों के साथ साझेदारी से रोजगार सृजन होगा। मुख्यमंत्री जी के विजन से मध्यप्रदेश विकास की नई दिशा में अग्रसर है।

## रेलवे पुलिस ने चोरी की संपत्ति बरामद की

विशेष संवाददाता
**भोपाल, 17 जनवरी. मध्यप्रदेश शासन रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने रेल यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे संपत्ति की रक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है. दो अलग-अलग चोरी के मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने 24 लाख रुपये से अधिक की चोरी की संपत्ति बरामद की है.**

यह सफलता पुलिस की सतत सतर्कता, प्रभावी टीमवर्क और तकनीकी सहयोग का परिणाम बताई जा रही है. पहला मामला जीआरपी इटारसी से संबंधित है, जहां एक महिला यात्री ने ट्रेन यात्रा के दौरान अपने पर्स से नकदी, मोबाइल फोन और सोने के आभूषण चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी. चोरी गई सामग्री की कुल कीमत लगभग 8.22 लाख रुपये आंकी गई थी. सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया.



# आशा एवं आशा पर्यवेक्षकों को न्याय दिलाने की मांग

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 17 जनवरी।** आगामी विधानसभा बजट सत्र को आशा एवं आशा पर्यवेक्षकों के लिए अंतिम उम्मीद बताते हुए म.प्र. आशा/आशा सहयोगिनी श्रमिक संघ ने प्रदेश सरकार से लंबित मांगों पर तत्काल निर्णय लेने की अपील की है। संघ की प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी कौरव के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम लहार विधायक अमरीष शर्मा ज्ञापन दिया गया है, जिसमें आशा बहनों की वर्षों से लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है।

ज्ञापन में बताया गया है कि वर्ष 2005 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की स्थापना के बाद से प्रदेश में मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, टीकाकरण, परिवार नियोजन, कुपोषण नियंत्रण, संक्रामक रोगों की रोकथाम तथा सरकारी स्वास्थ्य अभियानों को सफल बनाने में आशा एवं आशा पर्यवेक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। ये जमीनी कार्यकर्ता दूर-दराज के गांवों, शहरी झुग्गी बस्तियों और कठिन परिस्थितियों में दिन-रात जनता की सेवा करती हैं, फिर भी आज वे न्यूनतम वेतन, नियमित मानदेय, पेंशन, ग्रेच्युटी, सामाजिक सुरक्षा एवं सुरक्षित कार्य वातावरण जैसे मूलभूत अधिकारों से वंचित हैं। संघ ने बताया कि मध्यप्रदेश में आशा एवं आशा पर्यवेक्षकों की भुगतान स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में पिछले तीन-तीन महीनों से भुगतान लंबित है। कई स्थानों पर बार-बार आवाज उठाने के बावजूद एक भी भुगतान नहीं किया गया। वर्तमान में करीब 70 प्रतिशत राशि का बकाया है, जिससे आशा बहनों की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर हो गई है। परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई, किराया, इलाज और दैनिक जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है। यह स्थिति तब और पीड़ादायक हो जाती है जब दशहरा और दीपावली जैसे त्योहारों पर भी भुगतान नहीं किया जाता, जबकि अन्य विभागों में कर्मचारियों को वेतन के साथ त्योहार भत्ता भी मिलता है। वहीं ज्ञापन में कई मांगें भी रखी है।

## पेज का एक शेष

# मैं राजनीति करने नहीं, लोगों से मिलने आया हूं

राशि के चेक सौंपे. पीड़ित परिवारों से चर्चा के बाद राहुल गांधी ने पत्रकारों से सरकार पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि इंदौर में लोग पानी पीकर मर रहे हैं और इसे सरकार का अर्बन मॉडल कहा जा रहा है. गांधी ने कहा कि जिन परिवारों से वे मिले हैं, उनमें लोगों की मौत हुई है और कई लोग गंभीर रूप से बीमार हैं और अस्पतालों में भर्ती है. पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं है. सारे परिवार दूषित पानी पीने के बाद बीमार पड़े हैं. इंदौर ही नहीं कई और शहर भी है, जहां साफ पानी नहीं दिया जा रहा है.

राहुल गांधी ने बताया कि स्थानीय रहवासियों ने उन्हें बताया कि जिस पानी की टंकी को समाधान का प्रतीक बताया जा रहा है, वह केवल एक सिंबल बनकर रह गई है. आज भी लोगों को साफ पानी नहीं मिल रहा है. कुछ दिनों के लिए बैन लगाया जाता है और फिर वही दूषित पानी दोबारा सप्लाई कर दिया जाता है. लोग चाहते हैं कि सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाए और स्थाई समाधान निकाले.

### राजनीति नहीं, मदद करने आया हूं

राजनीति करने के सवाल पर राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा कि वे यहां किसी राजनीति के लिए नहीं, बल्कि पीड़ितों की मदद और समर्थन के लिए आए हैं. उन्होंने कहा कि विपक्ष का नेता होने के नाते यह उनकी जिम्मेदारी है कि जहां देश में लोगों को साफ पानी नहीं मिल रहा, वहां उनकी आवाज उठाई जाए. राहुल गांधी ने कहा कि मैं पीड़ितो के साथ खड़ा हूं.